प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 28.08.2024 समय : 18.30 पीएम

00000

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बारह नए ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों को मंजूरी दी–योजना में जोधपुर और पाली भी शामिलं
- चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा के लिए गठित राष्ट्रीय कार्यबल की बैठक में राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ सुरक्षा के अल्पकालिक उपायों पर चर्चां
- अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा से जुड़े सरोकारों पर राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों का दो दिन का सम्मेलन कल से जयपुर में
- प्रदेश के विभिन्न बांधों और जलाशयों में पानी की आवक जारी –टोंक के बीसलपुर बांध में पानी का स्तर 314 दशमलव 3 आर एल मीटर हुआं

000000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के औद्योगिक परिदृश्य को बदलने के लिए राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत बारह नए ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों को मंजूरी दे दी हैं आज नई दिल्ली में कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन औद्योगिक क्षेत्रों में संयुक्त अनुमानित निवेश 28 हजार छह सौ दो करोड़ रुपये होगां उन्होंने कहा, इन परियोजनाओं से दस लाख प्रत्यक्ष और 30 लाख तक अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगें इस कार्यक्रम के तहत राजस्थान में जोधपुर और पाली को औद्योगिक स्मार्ट शहर के रूप में विकसित किया जायेगां दोनों शहरों के लिये परियोजना लागत 922 करोड़ रूपये रहेगीं इन शहरों में साढे 7 हज़ार करोड़ रूपये के निवेश का अनुमान लगाया गया है और रोजगार के 40 दहजार अवसर उपलब्ध होंगें मंत्रिमंडल ने 234 नए शहरों में 730 निजी एफएम चैनलों की ई–नीलामी कराने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया हैं मंत्रिमंडल ने केन्द्रीय क्षेत्र की योजना कृषि अवसंरचना कोष के विस्तार को भी मंजूरी दे दी हैं

00000

चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा के लिए गठित राष्ट्रीय कार्यबल की आज नई दिल्ली में बैठक हुई बैठक में राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ सुरक्षा के अल्पकालिक उपायों पर चर्चा हुई केंद्रीय गृह सचिव और स्वास्थ्य सचिव ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में हिस्सा लियां चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा और उनके कार्यस्थल की परिस्थितियों में सुधार के बारे में सुझाव के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस कार्यबल का गठन किया गया हैं स्वास्थ्य मंत्रालय ने एनटीएफ को सुझाव से संबंधित शीर्षक से एक राष्ट्रीय पोर्टल बनाया हैं इस पोर्टल पर कोई भी अपने सुझाव भेज सकता हैं सर्वोच्च न्यायालय ने कार्यबल को निर्देश दिया है कि वह अपनी अंतरिम रिपोर्ट तीन सप्ताीह के भीतर और अंतिम रिपोर्ट दो महीने के भीतर सौंप दें

00000

राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे ने आज बीकानेर जिले की सांचू बीएसएफ पोस्ट का निरीक्षण कियां उन्होंने जवानों से संवाद किया और बॉर्डर एरिया की चुनौतियों के बारे में जानकारी लीं राज्यपाल ने देश की रक्षा के लिए जवानों की प्रतिबद्धता और समर्पण की सराहना कीं राज्यपाल ने वहां निर्मित वार म्यूजियम भी देखां उन्होंने सीमा पार से अवैध तस्करी, नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए प्रभावी प्रयास करने पर जोर दियां श्री बागडे ने सीमा चौकी पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण भी कियां राज्यपाल ने जिले के सीमांत क्षेत्र के गांव गोडू के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों से भी बातचीत कीं उन्होंने बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढाने के लिए प्रयास करने का आह्वान कियां राज्यपाल ने बच्चों को खेल गतिविधियों में भाग लेने और व्यायाम करने की सीख दीं उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को पढाई के अधिक से अधिक अवसर दें  राज्यपाल ने गोडू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और मरीजों से बातचीत कर अस्पताल की सुविधाओं की जानकारी भी लीं

00000

सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा है कि सरकार किसानों और पशुपालकों की समृद्धि और कल्याण के लिये कृतसंकल्प हैं श्री दक आज जयपुर में राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना पोर्टल के शुभारम्भ समारोह को संबोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले गोपालक किसान परिवार को एक लाख रुपये तक का अल्पकालीन ब्याज मुक्त ऋण एक साल की अवधि के लिये दिया जायेगां गोपालक किसान को समय पर ऋण चुकाने पर किसी

**तरह** का ब्याज नहीं देना होगां उन्होंने कहा कि गोपालक किसान परिवारों को गाय, भैंस के लिए शैड, खेली निर्माण, चारा–बांट सहित आवश्यक उपकरण खरीदने के लिये ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं श्री दक ने कहा कि ऋण वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए ऋण आवेदन से लेकर मंजूरी तक के सभी काम ऑनलाइन किये जायेंगें

00000

प्रधानमंत्री जन धन योजना ने आज 10 साल पूरे कर लिए हैं योजना के तहत अब तक 53 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी हैं इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी है और इस योजना को सफल बनाने वालों को धन्यवाद दिया हैं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस योजना के अन्त र्गत 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध–शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं योजना के तहत खोले गये कुल खातों में से 55 प्रतिशत खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं

0000

प्रदेश में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा से जुड़े सरोकारों पर राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों का दो दिन का सम्मेलन कल जयपुर में शुरू हो रहा हैं पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा **'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस–द वे फॉरवर्ड'** विषय पर आयोजित इस विशेष सम्मेलन का शुभारम्भ करेंगें उद्‌घाटन सत्र में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, मुख्य सचिव सुधांश पंत और गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार सहित राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण मालिनी अग्रवाल ने बताया कि दो दिन के इस सम्मेलन में विभिन्न सत्र आयोजित होंगें

........

000

प्रदेश में 1 सितम्बर "राष्ट्रीय पोषण माह" का आयोजन किया जाएगां इस माह की तैयारियों को लेकर आज समेकित बाल विकास सेवाओं के निदेशक ओपी बुनकर ने वीसी के माध्यम से जिला उपनिदेशकों तथा सीडीपीओ के साथ तैयारियों की समीक्षा कीं श्री बुनकर ने बताया कि महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण को सुनिश्चित करने के लक्ष्य से आयोजित होने वाले इस अभियान में विभिन्न थीम्स पर कार्यक्रम होंगें

......

00000

बाड़मेर के ज़िला कलेक्टर निशान्त जैन ने आज तीन पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किएं सागर बाई, जयपाल सिंह और अजमल सिंह को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे गएं इस दौरान ज़िला कलेक्टर ने पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता से संबंधित शपथ भी दिलाई और नागरिकता हासिल करने वाले पाक विस्थापितों को शुभकामनाएं दीं

00000

शाहपुरा के जिला कलेक्टर राजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज जिले के युवाओं के मार्गदर्शन के लिए साइंपेट मोबाइल एप लॉन्च किया हैं इस एप के माध्यम से जिले के युवा ज़िला स्तरीय अधिकारियो से सीधा संवाद कर सकेंगें जिला कलेक्टर ने बताया कि इस एप से युवा ज़िले की सभी घटनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगें

......

00000

राज्य के कई जिलों में शिक्षा विभाग की ओर से सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर लगाये जा रहे हैं डीग में भी इस तरह का प्रशिक्षण शिविर आयोजित हो रहा हैं हमारी डीग संवाददाता ने बताया कि शिविर में प्रशिक्षण लेने के बाद ये शिक्षिकाएं अपने–अपने स्कूलों में बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित करेंगीं

......

00000

प्रदेश में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई हैं सिरोही के माउंटआबू के अलावा श्रीगंगानगर के कुछ स्थानों पर 70 से 90 मिलीमीटर तक बरसात दर्ज हुई हैं श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ में आज भी मूसलाधार बारिश हुई हैं श्रींगगानगर में तेज बरसात के बाद निचले इलाको में पानी भर गयां इसके अलावा चूरू, भरतपुर, धौलपुर में हल्की से मध्यम बरसात हुई हैं इस बीच प्रदेश के विभिन्न बांधों और जलाशयों में लगातार पानी आ रहा हैं टोंक के बीसलपुर बांध में पानी का स्तर बढकर 314 दशमलव 3 आर एल मीटर हो गया हैं मौसम विभाग ने कहा है कि आज बाडमेर और जैसलमेर जिले में कई जगह भारी बारिश की संभावना हैं विभाग ने ये भी कहा है कि प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में आज से भारी बारिश की गतिविधियों में कमी होगीं आगामी 48 घंटे भरतपुर, जयपुर और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की–मध्यम बारिश होने की संभावना हैं कोटा, उदयपुर, भरतपुर संभाग में 2 सितंबर से बारिश की गतिविधियों में फिर से बढ़ोतरी होने तथा कहीं–कहीं भारी बारिश के दौर शुरू होने की प्रबल संभावना हैं

00000

गुजरात में हो रही भारी बारिश का असर प्रदेश के रेल यातायात पर भी पड़ा हैं पिछले दो दिन में उत्तर पश्चिम रेलवे से चलने वाली 12 को रद्द कर दिया गया हैं उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गुजरात में तेज बारिश के चलते वडोदरा मंडल के ब्रिज संख्या 561 पर जल भराव हो गया हैं यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे की 21 ट्रेनों के रूट में बदलाव किया गया हैं वहीं 9 रेलों को आंशिक रूप से रद्द किया गया हैं

00000